हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026



* **राजनांदगांव।** विगत तीन दिनों से मौसम में अचानक बदलाव के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

**बेचना है।**
मारूति सुजुकी आल्टो मॉडल- 2016 शानदार कंडीशन में।
फिक्स रेट
2 लाख 10 हजार
संपर्क करें-
Mo. 7987124123

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**
50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।
- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**
12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।
- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

# ऐसा पहली बार...व्यापम नहीं विभागीय स्तर पर होगी शिक्षकों की टेट परीक्षा!

## शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट विभागीय स्तर पर होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट का आयोजन विभागीय स्तर पर किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों को खत लिखकर उनके क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों की टेट अहर्ता संबंधित जानकारी मांगी गई है।

सूत्रों के अनुसार यह परीक्षा केवल शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ही आयोजित की जाएगी। अब तक प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा किया जाता रहा है। विभागीय स्तर पर टेट आयोजित होने की स्थिति में यह पहली बार होगा, जब शिक्षक पात्रता परीक्षा व्यापम के स्थान पर विभाग लेगा।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पश्चात शिक्षकों की पदोन्नति के लिए टेट अनिवार्य कर दिया गया है। केवल वे ही शिक्षक जो टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट उत्तीर्ण कर चुके हैं, उन्हें ही पदोन्नति प्रदान की जाएगी। व्यापम नियमित रूप से टेट का आयोजन नहीं करता है। सामान्यतः दो अथवा तीन वर्ष के अंतराल में व्यापम यह परीक्षा आयोजित करता है। एक प्रयास में टेट उत्तीर्ण नहीं कर पाने की स्थिति में शिक्षकों को पदोन्नति के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा, इसलिए विभागीय स्तर पर परीक्षाएं आयोजित करने की तैयारी है, ताकि शिक्षक पदोन्नति से वंचित ना हो।

### 18 मार्च तक देनी थी जानकारी

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समस्त शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे गए खत में शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर में कार्यरत शिक्षकों की टीईटी अर्हता संबंधी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मांगी गई है। समस्त जिला शिक्षा अधिकारी अपने संयुक्त संचालक कार्यालय को 17 मार्च तक जानकारी उपलब्ध कराएंगे एवं 18 मार्च तक सभी संयुक्त संचालक जानकारी एकत्र कर संचालनालय को हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में ई-मेल में उपलब्ध कराएंगे।




### एसोसिएशन से मांगे गए थे सुझाव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शासन को सुझाव प्रस्तुत करते मांग किया है कि शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए जून एवं जुलाई माह में विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाए। जिससे समय रहते शिक्षकों की पात्रता से संबंधित जटिलताओं का समाधान हो सके। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति के अवसर एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते विभागीय सीमित टेट पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग संघ द्वारा की गई है। विभागीय स्तर पर टेट की मांग पश्चात लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षक संघ से इस संदर्भ में सुझाव भी मांगे गए थे।

# आस्था के ज्योत प्रज्वलित, गूंजे मां के जयकारे, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। मंदिरों में जहां आस्था के ज्योत प्रज्वलित कर मंगल कामना की गई। वहीं घर-घर में शक्ति की देवी मां दुर्गा का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ हो गया। इसके साथ ही श्रद्धा भक्ति का अंचल में वातावरण निर्मित है। सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति देवी मंदिरों में रही। माता के जयकारों की गूंज बनी हुई है। घर-घर में लोगों ने विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की है। अंचल के प्रमुख मंदिर मां बम्लेश्वरी देवी डोंगरगढ़ में पहले ही दिन से बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। पूरे नवरात्र पर्व के दौरान डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पदयात्रियों की उपस्थिति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र पर्व के चलते चहल-पहल का वातावरण बनने लगा है। बाजार में पूजा सामग्रियों फल-फूल इत्यादी की मांग बनी हुई है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी चहल-पहल का माहौल है। विशेषकर पदयात्री मार्ग में चहल-पहल बढ़ने लगी है। साथ ही उक्त मार्ग के गांव के लोगों में भी उत्साह है। पूरे नौ दिन पदयात्री मार्ग में दिन-रात चहल-पहल बने रहने की संभावना है।



### पदयात्री सेवा पंडालों में व्यापक तैयारी

नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के लिए समाजसेवी संस्थाओं द्वारा सेवा पंडाल लगाए गए हैं, जहां शीतल पेय, स्वल्पाहार, विश्राम एवं स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। आगामी दिनों में बड़ी संख्या में पदयात्रियों की संख्या बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं विभिन्न साधनों से भी बड़ी संख्या में भक्त डोंगरगढ़ पहुंचेंगे। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम आवागमन हेतु बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व जवानों की तैनाती की गई है।

### ज्योत प्रज्वलित

शहर के प्रमुख मंदिरों में मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सिंघोला, कालीमाई मंदिर पुराना बस स्टैंड, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर किलापारा, महामाया मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विधि-विधान के साथ आस्था के ज्योत भक्तों ने प्रज्वलित किए। बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति मंदिरों में रही। देवी मां के जयकारों की गूंज रही।

### 31 का होगा निःशुल्क मोतियाबिंद उपचार

**मोहला।** अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुधार हेतु एक पहल की गई। योजना के तहत सोमवार को 31 चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोतियाबिंद उपचार के लिए एम्स रायपुर रवाना किया गया।






## खबर संक्षेप

### वृष्टि पढ़ेगी नवोदय विद्यालय में

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव की छात्रा वृष्टि साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। पिता देवेन्द्र हिरवानी और मां गितेश्वरी हिरवानी ने बताया कि वह शुरू से परिश्रमी रही है। प्रधान पाठक ने गत दिनों वृष्टि का मुँह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान प्राचार्य पीआर सुधाकर, प्रकाश जोशी, कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, प्रमोद साहू, ईश्वर ठाकुर, नरेन्द्र शांडिल्य, तुलसी राम हिरवानी, अमर लाल हिरवानी आदि मौजूद थे।




### रेत के परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर जब्त

**डोंगरगढ़।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने तहसील अंतर्गत पेटेश्री, आलाबीरा, जामरी, मुजगांव, परागांवखुर्द, मुरमुंदा, माटेकटा सहित अन्य गांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनिज अमला ने रेत के अवैध परिवहन में लिप्त पेटेश्री के हेमंत सिन्हा के ट्रैक्टर जॉन डियर चेचिस नंबर आईपीवीएय 5050 डीसीएसजी 063372 ट्रॉली हरा रंग सोल्ड, कोमल सिन्हा के ट्रैक्टर जॉन डियर एवं ट्रॉली, राम बिलास साहू के ट्रैक्टर को जप्त कर थाना तुमडीबोड़ के सुपुर्द किया है। सभी के खिलाफ खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### समिति ने मनाया महिला दिवस

**डोंगरगढ़।** मखियार वाल्मिकी समाज महिला समिति के तत्वावधान में बुधवार को महिला दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय राजस्थान होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान महिलाओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुनीता बघेल, उपाध्यक्ष सपना बघेल, सचिव पूजा बघेल, सदस्य दिया बघेल, सुनैना बघेल, रंजनी रणशोर, सरोजिनी रणशोर, रोशनी रगड़े, साक्षी रगड़े, रत्ना रगड़े, निर्मला महानंद आदि उपस्थित थी।



### कांग्रेसियों ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**डोंगरगांव।** रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव प्रदर्शन में सैकड़ो कांग्रेस नेताओं और और कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रायपुर पहुंचकर मनरेगा में बदलाव, बढ़ती महंगाई और नशा की खेती के विरोध में प्रदर्शन किया। सुरक्षा बलों की कड़ी घेरबंदी के बीच कार्यकर्ताओं ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



### मवेशियों के लिए पानी टंकी का निर्माण

**पटेवा।** ग्राम के गौठान में गौ सेवक एवं जन सहयोग से पानी टंकी का निर्माण पशु पक्षी एवं गौ माता की प्यास बुझाने के लिए किया गया। इसका शुभारंभ नवरात्र एकम को पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान एलएल साहू, शुक्लाराम साहू, चंद्रकांत देवांगन, विजय देवांगन, छेरकूराम यादव, खेदूराम ढीमर, छविलाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, रोहित निर्मलकर, बालकुमार साहू, केदार साहू आदि उपस्थित थे। पानी टंकी का निर्माण गौ सेवक जागेश्वर साहू, नारायण साहू, शिवम साहू, दीना ढीमर, कृष्णा साहू, निखिल साहू के प्रयास से किया गया है।




### सड़क निर्माण का आश्वासन

**छुरिया।** क्षेत्र में सड़कों के विकास को लेकर महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत जादूटोला से दैहान तथा मांझीटोला से गर्रापार तक सड़क निर्माण का मामला उठाया था जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभाग से प्राक्कलन मंगाने और शीघ्र कार्यादेश जारी करने का आश्वासन दिया।विधायक साहू ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी।

### छगन पुनः भर्रेगांव परिक्षेत्र का अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** निषाद समाज परिक्षेत्र भर्रेगांव का चुनाव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, पर्यवेक्षक टीकम निषाद की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी, दाताराम निषाद, हरिराम निषाद, प्रेम प्रकाश निषाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। छगन निषाद को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर एक मत से निर्वाचित घोषित किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी ने बताया कि अध्यक्ष छगन निषाद को 46 मत, भूषण निषाद को 45 मत और गौतम निषाद को 37 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष तिलकराम निषाद, महासचिव अमृतराज निषाद, कोषाध्यक्ष बंशीलाल निषाद, अंकेक्षक तोरनलाल निषाद, सचिव चुम्मनसिंह निषाद, सहसचिव देवराज निषाद, संगठन सचिव अरविन्द निषाद, उप संगठन सचिव उगेश्वर निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिव्या निषाद, कार्यालय सचिव महेश्वरलाल निषाद निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला निषाद समाज ने बधाई दी है।



## शिकायत के बाद मौके पर पहुंची जनपद सीईओ

# छात्रावास निर्माण में गड़बड़ी

## ठेकेदार ने नहीं लगाया सूचना पटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में आदिवासी बच्चों के लिए बनाए जा रहे छात्रावास के निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है और सरकारी बोर को बिल्डिंग के भीतर दबा दिया गया है। मामला उस समय गरमाया जब 19 मार्च को 200 आवासों के लक्ष्य की समीक्षा करने पहुंचीं जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन के सामने ग्रामीणों ने अपनी व्यथा रखी।

जानकारी के अनुसार निर्माण लगभग 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, लेकिन मौके पर अब तक कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे ग्रामीणों को यह पता नहीं है कि कार्य एजेंसी कौन है?

लागत कितनी है और इंजीनियर कौन है? मजदूरों के अनुसार यह कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है जिसका ठेकेदार गंडई के किसन यादव हैं।



#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

सरपंच नरेश धुर्वे ने कहा कि यह भवन आदिवासी बच्चों के लिए है। निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता से समझौता मंजूर नहीं है।

#### निर्देशित किया जाएगा

जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर उन्होंने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारी कोखामियों से अवगत कराकर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा जाएगा।

#### शिकायत की अनदेखी

ग्राम के राधामोहन वैष्णव ने बताया कि ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का ध्यान कई बार आकर्षित किया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ग्रामसभा में आई सीईओ को मामले की जानकारी दी गई है।

#### सड़क से नीचे बिल्डिंग, जलभराव का खतरा

ग्रामीणों ने सीईओ को मौके पर ले जाकर दिखाया कि भवन का तल सड़क से काफी नीचे गया है जिससे बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। पानी भरने से बच्चों को परेशानी होगी। इसके अलावा छड़ की मोटाई में भी बदलाव करने और सरकारी बोर को बिल्डिंग के भीतर लेने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।



## डोंगरगढ़ में नवरात्र पर्व का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी मंदिर में 19 मार्च का चैत्र नवरात्रि पर्व का आगाज हो गया। नीचे मंदिर के पास मेला की जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने श्रद्धालुओं को सुरक्षा और सुविधा मुहैया कराने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पेयजल, विद्युत, सफाई और यातायात की समुचित व्यवस्था करने कहा है। पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और व्यवस्थित पार्किंग पर विशेष जोर दिया गया है। अंजोरा से अछोली तक सेवा पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं को विश्राम, चाय-नाश्ता और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

#### सुरक्षा जवानों की तैनाती

सुरक्षा के मद्देनजर 850 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि मेला स्थल और मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा।

## फसल का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

■ सर्वे के बाद क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन

बेमौसम बारिश ने रबी फसल को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। सोमवार की रात बारिश और ओला वृष्टि ने फसल को चौपट किया। फिर मंगलवार को हुई बारिश ने बचीखुची कसर पूरा कर दिया। फसल नुकसान की जानकारी होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सभापति ललित चोपड़ा बुधवार को जंगलपुर, अचानकपुर, जीराटोला, अतरिया आदि गांव पहुंच कर फसल नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग को फसल नुकसान का सर्वे करने कहा। किसानों से अपील किया कि फसल चौपट होने की सुचना तत्काल टोल फ्री नम्बर पर दे। उन्होंने कहा कि रबी फसल की कटाई मिजाई के समय हुई बारिश ने चना, मुंग, सोयाबीन, मसुरी, सब्जी, आम, पपीता, टमाटर आदि फसल को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि विभाग के सर्वे के पश्चात सरकार से बीमा क्लेम एवं क्षतिपूर्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## कुरीति छोड़ने से ही समाज का विकास संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

ग्राम में पापमोचनी एकादशी के मौके पर भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का वृहद आयोजन किया गया। बारगाही के जगराता परिवार, सरोजनी साहू, राकेश साहू, लविंद्र साव ने कलश यात्रा की लंबी श्रृंखला में सहयोग दे रही बालिकाओं व माताओं का सुमधुर गीतों के संग उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू ने की। अतिथि के तौर पर तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, कोमल साहू, चुनेश्वर साहू, हुकुम चंद जैन, रेशम साहू, सदरपंच ललिता साहू, मोहित साहू उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीमती साहू ने एकता अखंडता के प्रतीक सामाजिक ध्वज को आरोहित किया। सामूहिक महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू और अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, हुकुमचंद जैन ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरूतियो पर करारा प्रहार करते हुए यह कहा कि आडंबर या दुर्गुण से लिप्त व्यक्ति समाज को दिशा नहीं दे सकते। सामाजिक नियमावली का पालन कर समाज को विकसित और संगठित करने के लिए सबको मिलकर रहने प्रेरित किया। संचालन लविंद्र साव व आभार ज्ञापन संरक्षक चेतन दास साहू ने किए।




#### सामाजिकजन रहे मौजूद

कार्यक्रम में दिनेश साहू, मोहनीश साहू, देवेंद्र साहू, शिवकुमार, यशवंत, सेवक, अलखराम साहू, द्रौपति साहू, तुलसा साहू, जीवन दास, बेमलाल, मनसुख, तारम, जीनू, गजेन्द्र, मोहित, पीतांबर, गजेन्द्र साहू, टेसू साहू, हिरदु साहू, खेमलाल साहू, मंगलु साहु, हिरदेराम साहू, खगेश साहू, महेश कुमार साहू, चुम्मन लाल, तालसिंग, भुवन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## बलिदान दिवस पर विविध कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में कल शुक्रवार को रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। विभिन्न गांव में 1857 की क्रांति में मूल्य योगदान देनी वाली रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाने की तैयारी की गई है।

सड़क अतरिया, नर्मदा, चकनार, घिरघोली, बेलगांव, पंडरिया, संड़ी, ओटेबंद सहित अन्य गांव में बलिदान दिवस मनाने की तैयारी है। चकनार में शीतला मंदिर से नर्मदा के अवंती चौक तक विशाल कलश यात्रा निकाला जाएगा। यात्रा के नर्मदा चौक पहुचने पर जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में अवंती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया जाएगा। लोधेश्वर मंदिर में पूजा कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार सड़क अतरिया, घिरघोली, बेलगांव, ओटेबंद आदि गांव में रैली निकाल कर रानी अवंती बाई को नमन किया जाएगा।



#### अंग्रेजों से लोहा लेते शहीद

जानकारी के अनुसार रानी अंवतीबाई 20 मार्च 1857 को अंग्रेजो साथ युद्ध करते शहीद हो गई थी। उनके बलिदान दिवस को लोधी समाज गर्व के साथ मनाता है। जिले मे प्रथम बार 1980 में बलिदान दिवस मनाया गया था। उस समय जिला लोधी समाज के अध्यक्ष स्व गन्ना लाल चंदेल थे। तब से लोधी बाहुल्य क्षेत्र में यह दिवस मनाया जाता है।

## जन्मोत्सव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

**खैरागढ़।** धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाने वीर हनुमान सेवा समिति की बैठक हुई। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ साथ लगातार सोलहवें साल जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर विस्तार से सदस्यों के बीच चर्चा हुई। जिसमें सुबह 10 बजे हवन पूजन बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा शाम 6 बजे से प्रदेश के सुप्रसिद्ध अखाड़ा, धुमाल, डीजे, बग्घी में राम लक्ष्मण हनुमान के प्रतीक रूपो के साथ मंदिर से नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सुबोधकांत पांडेय, श्रीराम यादव, भूपेंद्र गंगबोइर, पंकज यादव, नीकु श्रीवास, दिगेश सिंह, नरेन्द्र श्रीवास, शैलेन्द्र यादव, सन्नी यादव, सुनील यादव, विवेक श्रीवास, आर्यन श्रीवास, अनुराग यादव, मानस यादव, नरेश यादव, मनीष यादव, राम यादव, विक्रम यादव, शिवांश श्रीवास, नीरज भट्ट, शौर्य गुप्ता, प्रांजल गुप्ता, विकास यादव, शिवम श्रीवास, आरव श्रीवास, सतीश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन समिति द्वारा सभी क्षेत्र वासियों को जन्मोत्सव कार्यक्रम मे शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

## मस्जिद के सामने उमड़ी रोजेदारों की भीड़

# रोजेदारों को छोटे राजा ने दी इफ्तार की दावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रमजान के पवित्र माह के 28 वें रोजे पर छोटे राजा देवराज किशोर ने मुस्लिम समाज के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मस्जिद के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। सभी रोजेदारों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और शहर- देश की सलामती के लिए दुआ मांगी। इस अवसर पर आपसी भाईचारे और सौहार्द का अद्भुत नजारा देखने मिला। देवराज किशोर ने कहा कि छुईखदान गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। यहां सभी धर्मों के लोग एकता और प्रेम के साथ रहते हैं। छुईखदान में सभी धर्मों का सामाजिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं। रोजा इफ्तार से पहले रोजदारों को पैंनखजुर छोटे राजा ने अपने हाथों से वितरित किया और सभी रोजदारों को रोजा खोलने की दावत दी।



मस्जिद के इमाम हाफिज सरीफुल हक साहब ने शहर और वतन की खुशहाली व अमन-चैन के लिए दुआ की। संचालन जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान ने किया। आभार छुईखदान मुतवल्ली शेख निजामुद्दीन ने किया। इस मौके पर कमलेश यादव, दीपक वैष्णव,

शेख निजामुद्दीन, शेख इब्राहिम, हाफिज इलियास, अहमद रिज़वी, हाफिज सरीफुल हक, हाजी यूसुफ सोलंकी, सैयद आबिद अली, जफर अली, इमरान खान, पप्पू, दादू खान, अमजद खान, पप्पू, अनवर खान, रियाज खान, शादाब खान, आयुष खान, अफरीदी खान, अनस खान, हाजी आजम, समीर खान, शेख फरीन, शेख नजारुद्दीन, माजिद खान, आशु भाई, टीपू सोलंकी,अफजल खान, विक्की सोलंकी, शिवान शेख, मोनू, इरफान, तस्दीक खान, इसहाक भाई, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद आज़म, फैजान खान, रेहान बाबा, छोटू, फरहान खान, महफूज खान सहित अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांकः 202602090100032**
विषयः- अ-6 अ सन्ः- 2025-2026
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [536/2(0.8890 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार श्री उपकार सिंह, अनावेदक पक्षकार - श्री सुनील कुमार बनौटे, उप वनमंडल अधिकारी, डोंगरगढ़,

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री उपकार सिंह वल्द स्व. हरमेंदर सिंह, निवासी बुधवारी पारा, डोंगरगढ़ द्वारा अनावेदक सुनील कुमार बनौटे वल्द चंदन लाल बनौटे, निवासी ग्राम बोरतलाव, तहसील डोंगरगढ़ के विरूद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 107 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बोरतलाव, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 536/2, रकबा 2.20 एकड़, वर्तमान नक्शा में प्रदर्शित सीमा के आधार पर कुल क्षेत्रफल 0.92 एकड़ होने, अभिलेख में दर्ज क्षेत्रफल 1.28 एकड़ कम होने से, अधिकार अभिलेख में दर्ज क्षेत्रफल के अनुसार नक्शे के क्षेत्रफल में सुधार करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, आवेदन के साथ सूची अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। MO. 9685430006

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 02/04/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/03/2026 को जारी किया जाता है।

Neelkanth Janbandhu
मुहर
तहसीलदार
तहसील - डोंगरगढ़

## निधन



### उमाशंकर साहू

**राजनांदगांव।** खुज्जी समीपस्थ ग्राम बड़भूम में उमाशंकर साहू का निधन 19 मार्च को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा में पारिवारिकजन व गांव एवं आसपास गांव के संबंधित लोग शामिल हुए। शमशान घाट पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।



### राम्हू साहू

**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 20 पेंड्री निवासी राम्हू साहू (96 वर्ष) प्रतिष्ठित समाजसेवी का निधन 19 मार्च को हो गया। उनकी शवयात्रा में समाज, सर्व समाज एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिसमें मेघदास वैष्णव, ईसाक खान, कुलेश्वर ध्रुव, दुर्गाराम साहू, जनमेजय यादव, चैतराम साहू, घसिया सिन्हा, गणेश सुपले, तुलेन्द्र देवदास, लक्षण मानिकपुरी, बिसेसर निषाद आदि शामिल थे।

HEALTH TOWN




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### अवकाश के दिनों में भी होगी रजिस्ट्री

**राजनांदगांव।** मार्च माह में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद जमीन खरीदी-बिक्री की दरों में बढ़ोत्तरी होने के चलते माह अंत तक अधिक पंजीयन होता है, जिसे दृष्टिगत रखते मार्च माह के अंतिम दिनों में पड़ने वाले अवकाश पर भी पंजीयक कार्यालय खुला रहेगा। पंजीयन कार्यालय राजस्व संग्रहण करने वाला एक प्रमुख विभाग है। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह पूर्ण होने में लगभग 11 दिवस ही शेष है। आंकड़ों के अनुसार मार्च माह में पक्षकारों द्वारा सर्वाधिक पंजीयन कराया जाता है। पंजीयन विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खोलने और पंजीयन कार्य संपादित कराए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। 22 मार्च 2026 मार्च माह का चतुर्थ रविवार, 28 मार्च माह का अंतिम शनिवार, 29 मार्च माह का अंतिम रविवार और 31 मार्च महावीर जयंती पर पंजीयन कार्य सुचारू रहेगा। इन शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खोले जाने और बैंकों में 31 मार्च तक शासकीय लेनदेन जारी रखने के लिए जिला पंजीयक, कोषालय अधिकारी एवं भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों को यथोचित निर्देश प्रसारित किया है।

### चोरी के मामलों की जांच पड़ताल बाद आरोपी पकड़े गए

# चोरी के दो मामलों का खुलासा, आठ आरोपियों से आभूषण व नगदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के नंदई चौक एवं डोंगरगांव क्षेत्र में गत दिवस हुए चोरी के दो अलग-अलग मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने चोरी के आरोपियों को धरदबोचा। जिनके पास से चोरी के आभूषण, नगदी सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदई चौक निवासी प्रार्थी वतन सिंग राजपूत द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 4 मार्च को वह अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित मोहला गए हुए थे। उसी दौरान घर के कमरे में आलमारी में रखे हुए सोने के आभूषण, मोबाइल और अन्य सामान को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### पुलिस ने पत्रकारवार्ता में किया खुलासा

#### आरोपी पकड़े गए

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस मामले में विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर से सूचना के आधार पर आरोपी शंकर रजक उर्फ बंठा 28 साल बांसपाईपारा, निखिल ढीमर उर्फ निकु 20 वर्ष ढीमरपारा रानीसागर के पास, आलोक भोजपुरी 21 इंदिरा नगर एवं सुरेश ढीमर 54 वर्ष बांसपाईपारा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी शंकर उर्फ बंठा से 1 नग सोने का हार एवं घटना में प्रयुक्त लोहे का राड, आरोपी निखिल से 1 नग सोने का झुमका एवं आरोपी सुरेश से 1 नग सोने का मंगलसूत्र जब्त कर कार्रवाई की गई।



#### डोंगरगांव क्षेत्र में चोरी

इसी तरह डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी प्रवीण कुमार सिंह राजीव नगर निवासी ने 3 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात चोर द्वारा घर में प्रवेश कर आलमारी एवं लाकर का ताला तोड़कर लाकर में रखे दो नग सोने के कंगन, एक नग सोने का मंगलसूत्र, एक नग सोने की ईयरिंग को चोरी कर ले गया है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था।

#### चार गिरफ्तार

पुलिस टीम ने इस मामले में संदेह के आधार पर आरोपी नमीत निर्मलकर उर्फ सन्नी व राहुल कुमार मालेकर दोनों निवासी किल्लापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। आरोपियों ने घटना स्वीकार किया। चोरी के आभूषणों को आरोपी महिला एवं आशीष रायकर चिखली को बेचने हेतु दे दिया गया था। आरोपी नमीत निर्मलकर उर्फ सन्नी से नगदी रकम 10,000 रुपए को जब्त किया गया एवं बाकी पैसों को खाने-पीने व जुआ खेलने में खर्च करना बताए एवं आरोपी राहुल कुमार के कब्जे से चोरी के रकम से खरीदे स्कूटी एवं प्रार्थी के घर के चाबी को जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपिया के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र एवं आरोपी आशीष रायकर से सोने के दो नग कंगन, कान का ईयरिंग को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# सड़क दुर्घटना में घायल को मिला पीएम राहत

- सड़क दुर्घटना में घायलों को 1.50 लाख तक कैशलेस ईलाज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को अब तत्काल और कैशलेस ईलाज की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर जितेन्द यादव एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जिले में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम राहत प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हास्पिटल लाईजेसन एण्ड एस्योरड ट्रीटमेंट योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पीड़ितों को तत्काल योजनांतर्गत लाभान्वित किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को गोल्डन आवर अर्थात सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.50 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार जिले के पंजीकृत समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

#### पीड़ित को तत्काल उपचार

अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मार्च को मिनेश कोसरे पिता सुंदरलाल कोसरे 21 वर्ष ग्राम पचपेडी जिला राजनांदगांव मौहाभाठा नाले के पास अपनी स्वयं की गाड़ी से नियंत्रण खोकर गिर गया। जिसके कारण मरीज के सिर पर चोंट लगी है, जिसे तत्काल उपचार हेतु पिता सुंदरलाल कोसरे द्वारा मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव लाया गया, जहां उन्हें पीएम राहत योजना के अंतर्गत पंजीबद्ध कर उपचार प्रारंभ किया गया।

#### योजना का प्रभावी क्रियान्वयन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन राजनांदगांव ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। दुर्घटना के बाद शुरूआती समय में तत्काल ईलाज मिलने पर कई लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए इस योजना में गोल्डन आवर में त्वरित उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। जिले में पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के समस्त 34 शासकीय अस्पताल जिसके अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ, घुमका, सोमनी तथा समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिले के कुल 37 निजी अस्पताल प्रभारी संचालकों को प्रशिक्षण प्रदाय कर आवश्यक जानकारी प्रदाय किया जा चुका है। पीएम राहत योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों या कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव में संपर्क किया जा सकता है।

## चोरी का आरोपी पकड़ाया, बैटरी सहित अन्य सामान बरामद

**राजनांदगांव।** चोरी के मामले में पतासाजी करते पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे बैटरी, हाईड्रोलिक पट्टी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया मौसमी निषाद 35 साल निवासी ग्राम रूदगांव साकरीपार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 29 जनवरी को अज्ञात आरोपी द्वारा उसकी दुकान से नगदी रकम करीब 25,000 रुपए चोरी कर ली गई तथा उसी रात गांव के जीतेश्वर साहू के ट्रैक्टर से एक्साईज कंपनी का बैटरी एवं हाइड्रोलिक पट्टी कुल मशरूका रकम 31,500 रुपए चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार विवेचना करते संदेही आरोपी रेवाराम निषाद 27 वर्ष निवासी साकरीपार रूदगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना करना स्वीकार किया। आरोपी रेवाराम निषाद को गिरफ्तार कर मेमोरंडम कथन के आधार पर उसके कब्जे से चोरी गया ट्रैक्टर का बैटरी एवं हाइड्रोलिक पट्टी जब्त किया गया। चोरी की नगदी रकम आरोपी द्वारा खर्च कर देना बताया गया है।

## हिंदू नववर्ष : निकली शोभायात्रा, सनातनी नारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विक्रम संवत 2083 के आगमन को लेकर सनातन धर्मप्रेमियों ने नववर्ष का स्वागत काफी धूमधाम से किया। इस दौरान शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से मोटर साइकिल रैली शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुई वापस दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में सर्व सनातन समाज द्वारा मोटर साइकिल रैली शोभायात्रा निकाली गई। महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से निकली रैली में बड़ी संख्या में सनातनी श्रद्धालु शामिल हुए। हाथों में भगवा ध्वज लेकर निकली शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री अनुप श्रीवास और बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा ने इस



आयोजन को लेकर बताया कि इस शोभायात्रा का उद्देश्य हिंदू नववर्ष के प्रति समाज में उत्साह जागृत करना तथा सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना है।

#### महिलाओं में उत्साह

हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर निकली शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में सनातनी महिलाएं भी भगवा ध्वज लेकर शामिल हुई। शोभायात्रा में सभी भजनों की धुन जयकारा लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा के दौरान महिलाओं में भी खासा उत्साह नजर आया।

### दो दिनों में जंच गई दसवीं-बारहवीं की आठ हजार कापियां

**खैरागढ़।** पीएमश्री शाला मे छग माशिमं की हाई/हायर सेकेण्डरी परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। मंडल द्वारा केंद्र को हाई स्कूल परीक्षा की लगभग 38 हजार 813 और हायर सेकेंडरी परीक्षा की 16 हजार 624 उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए मिली है जिसके लिए जिले के खैरागढ़ व छुईखदान ब्लॉक से हाई/हायर सेकेंडरी मे अध्यापन कराने वाले 250 से 300 व्याख्याता रोज निर्धारित समय पर केंद्र पहुंच रहे हे। पीएमश्री शाला सेजेस शाला प्राचार्य व केंद्र प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि दो दिनो में हाईस्कूल की 5520 और हायर सेकेंडरी परीक्षा की लगभग 2746 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। संभागीय कार्यालय दुर्ग से संयुक्त संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण कर मुख्य, उपमुख्य सहित परीक्षकों को मूल्यांकन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अनुराग सिंह ने बताया की मंडल द्वारा तय समय से पूर्व मल्यांकन कार्य समाप्त कर लिया जाएगा।















।। जय झूलेलाल ।।
झूलेलाल जयंती जूं लख-लख वाधांयु.....
चेट्रीचंड्र
हिन्दू नववर्ष की समस्त नगरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री आसुदराम जी तेजवानी
अर्जुन वाधवानी
सागर ट्रेडर्स
रूपचंद नितिन भीमनानी
सांसद प्रतिनिधि मा.संतोष पाण्डे
राजनांदगांव छ.वि.वि.कं.मं./
ऊर्जा विभाग क्रेडा
मारूती हॉलीडेस
रेल्वे स्टेशन के पास, राजनांदगांव
नितिन भीमनानी, मो. नं. 9755745000
राजा माखीजा
चेयरमैन राजस्व विभाग
नगर पालिका निगम राज.
पार्षद, वार्ड नं.-23
भोजराज बजाज
दिनेश गारमेंट्स
अग्रसेन भवन पुराना बस
स्टैण्ड रोड, राजनांदगांव
घनश्याम वाधवानी
गुरूजी भुजिया
गटुला राजनांदगांव
कमल गंगवानी
kamal opticals
तरुण लहरवानी
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा
सोना इलेक्ट्रीकल
कुणाल आहूजा
आकर्षण स्टोर्स
जूनी हटरी,
राजनांदगांव
नंदलाल पंजवानी
नैतिक केटर्स
इनडोर एण्ड ऑउटडोर
कैटरिंग सर्विस
विनोद लुल्ला
विजय पोहा उद्योग
गोविंद सिंग वाधवानी
सिंग कम्प्यूटर
नया बस स्टैण्ड
कॉम्पलेक्स राजनांदगांव
डॉ.करतार सिंग कंजवानी
बजाज थ्रेड सेन्टर
मनोहर बजाज
श्री कृष्णा डेवलपर्स
दिपक पंजवानी
रोमिल पंजवानी
शांति स्टोर्स
गांधी चौक,
शीतला मंदिर रोड,
राजनांदगांव
भरत माखीजा
सी.पी.ट्रेडर्स
पुराना सिविल लाईन
राजनांदगांव
सागर लालवानी
अशोक कुमार पंजूमल
किराना मर्चेंट
गोल बाजार राजनांदगांव
शक्ति वाधवानी
paapiपेट
कैफे एण्ड रेस्टोरेंट
वीआईपी रोड, राजनांदगांव
नितिन बत्रा
गिरीराज इंडस्ट्रीज
बृजलाल वाधवानी
Harish Traders
Wholesaler in All Kind
of Daal & Pulses
झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं।
श्री कृष्णा फुटवेयर
गुरुद्वारा रोड,
राजनांदगांव
ईश्वर खेमानी
पूर्व पार्षद
वार्ड नं. 23
दुर्गेश यादव
जया यादव
लालमल जी दलाल
कन्हैया रूपवानी
श्री लक्की वेजिटेबल कंपनी
सब्जी मंडी, बसंतपुर
राजनांदगांव
लक्की रूपवानी
आस्था स्टील
धिरज
साहिल
मोटवानी
राजेश मोटवानी
वरुण गंगवानी
मनोज गंगवानी
HOTEL SHRI
Kanwar Palace
श्री दूध सागर स्वीट्स
नंदलाल बिल्डकॉन
जी.ई. रोड
राजनांदगांव
ए.जी. मार्ट
हर सामान में
डिस्काउंट
जगदीश कटियारा
जय हनुमान गैरेज
मनोज मोटवानी
वेलकम शूज
कमल ऑप्टिकल
नरेश मोटलानी
कौशल शर्मा
नरेश तलरेजा
आनंद ट्रेडर्स
गंज लाईन,
राजनांदगांव
सुरेश वाधवानी
जय अम्बे ऑटो डिल
पवन तोतवानी
Kids Millennium
A Premium Play School
-डायरेक्टर-
पंकज गंगवानी | चंदन गंगवानी
Regeneration
दिलीप ललवानी
तेजवानी मोबाईल टेडेसरा
सुनील तेजवानी
शिव शक्ति डोर्स
नगरनिगम-खैरागढ़ रोड
राजनांदगांव
मोहनीश आहूजा
मयूर आहूजा
हरिओम ऑटो
फाईनेंस एण्ड ई-व्हीकल
गुरूनानक चौक,
राजनांदगांव
ब्रांच बालोद-खैरागढ़
अजय दिनेश ज्ञानचंदानी
सूरज ट्रैक्टर एण्ड फाईनेंस
मनोहर तोतवानी
भगवान झूलेलाल जी का सेवक
सुनील FOOT WEAR
HAPPY CHETICHAND
on the occasion of हिंदू नव वर्ष एवं झूलेलाल जयंती
our shop will be closed
on 20/03/26, FRIDAY
राकेश लखवानी
Nirankari
JEWELLERS
अमित पंजवानी
राज भुजिया भण्डार
कंचनबाग, राजनांदगांव
नवीन निहलानी
हरि ओम ट्रेडर्स
नंदई चौक
राजनांदगांव
धरमदास मंगवानी
हितेश मंगवानी
कृष्णा क्लाथ
गुड़ाखू लाईन
राजनांदगांव (छ.ग.)
रमेश गिडवानी
शक्ति थ्रेड हाउस
गुड़ाखू लाईन,
मस्जिद के पास गोल बाजार,
राजनांदगांव (छ.ग.)
विजय गिडवानी
Pintoo Mobile's
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव
रोशन वीरवानी
DHARA DEVELOPERS
PROPERTY DEALER
रवि ज्ञानचंदानी
नंदलाल ग्लास
सूरज नागवानी
विनीत- सिंधी समाज, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### नवीन बाजार में पार्किंग की समस्या बढ़ रही है

**कवर्धा।** कवर्धा शहर के नवीन बाजार में पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। बाजार में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्थित तरीके से खड़े दोपहिया व चारपहिया वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। कई बार शिकायत के बाद भी स्थायी समाधान नहीं किया गया। बाजार क्षेत्र में निर्धारित पार्किंग स्थल बनाया जाए और यातायात व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण विजेता मीरा साहू का शहर में ऐतिहासिक स्वागत

- अंतर्राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन में स्वर्ण जीतकर लौटी, निकली स्वागत रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारत की ऐतिहासिक जीत, मीरा बनीं गौरव की पहचान बनी मीरा साहू

अशोका पब्लिक स्कूल ने छत्तीसगढ़ में गौरव के साथ विद्यालय व खेल शिक्षिका मीरा साहू ने बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित इंडो-थाईलैंड अंतर्राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। देश-विदेश में अपनी खेल प्रतिभा से सुयश पाया, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद उनके कवर्धा आगमन पर पूरा शहर जश्न में डूब गया। ने विगत दिनों 13 से 19 फरवरी तक आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम ने मेजबान इंडोनेशिया को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

पूरी श्रृंखला में भारतीय खिलाड़ियों का तालमेल, आक्रामक रणनीति और मानसिक दृढ़ता देखने लायक रही। मीरा साहू ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करते हुए न केवल टीम में स्थान बनाया, बल्कि देश को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं चैंपियन मीरा साहू के अशोका पब्लिक विद्यालय व नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर नागरिकों द्वारा फूल-मालाओं,आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही अशोका पब्लिक स्कूल से सिग्नल चौक तक भव्य रैली निकाली गई। डीजे की धुन, रंग-बिरंगी आतिशबाजी और सैकड़ों विद्यार्थियों, स्टाफ एवं खिलाड़ियों की भागीदारी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। रैली में विद्यालय परिवार,खेल मैदान के साथी खिलाड़ी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी गण उपस्थित थें। विजयी रैली के दौरान नगर के प्रमुख स्थल पर पहुंचकर मीरा साहू ने विद्यालय परिवार के साथ शहीद भगत सिंह सहित महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा यह उपलब्धि केवल एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरे अशोका परिवार और कवर्धा जिले की है। हमारी संस्था सदैव प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रही है और मीरा साहू ने इसे साकार कर दिखाया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, शिक्षा जगत के गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### विधेयक आदिवासियों की मूल जड़ का महाकाव्य है: भावना बोहरा

# विधानसभा में धर्मांतरण विधेयक पर विधायक ने दिया ओजस्वी भाषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 की चर्चा में भाग लेते हुए पंडरिया विधायक ने अपने ओजस्वी भाषण से इसकी गंभीरता और आदिवासी समाज उनकी सभ्यता, संस्कृति और महत्वपूर्ण समस्याओं को विस्तार से रखा। इस दौरान उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करते हुए इसे आदिवासियों की मूल जड़ का महाकाव्य बताया। उन्होंने इस विधेयक से जुड़े अपने सुझाव भी साझा किए साथ ही पंडरिया विधानसभा में उनके द्वारा 400 से अधिक आदिवासी लोगों की घर वापसी के दौरान उनके समक्ष आई चुनौतियों, विषयों एवं अपने निजी अनुभव भी सदन के समक्ष रखा। श्रीमती भावना बोहरा ने चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पर चर्चा कोई सामान्य प्रशासनिक पहल नहीं है। इस ऐतिहासिक और युग-परिवर्तक कदम का वास्तविक श्रेय संवेदनशील और माटी से जुड़े मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उस इस्पाती संकल्प को जाता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के महान विजन से ऊर्जा प्राप्त करता है।

यह डबल इंजन सरकार का वह ब्रह्मास्त्र है, जो हमारी जड़ों को खोखला करने वाली दीमकों का समूल नाश करेगा। यह विधेयक मात्र कागजों पर उकेरा गया एक कानूनी मसौदा नहीं है। यह उन विदेशी ताकतों के खिलाफ भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान का शंखनाद है जो हमारी गरीबी का सौदा हमारी आस्था से करते आए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी इस प्रदेश में धर्म रक्षा और धर्मांतरण के विरुद्ध प्रतिरोध का इतिहास लिखा जाएगा, तो उसका पहला पन्ना कुमार दिलीप सिंह जूदेव के नाम से ही शुरू होगा। उन्होंने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत 400 आदिवासी समाज के लोगों की घर वापसी के लिए किए अपने प्रयासों व निजी अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कुल्हीडोंगरी, नेऊर और कुई-कुकदुर के घने जंगलों में जाती हूँ और अब तक 400 से अधिक अपने वनवासी भाई-बहनों के पैर पखारकर उनकी घर वापसी कराती हूँ, तो उस वक्त जो आंसू उनकी आंखों से गिरते हैं, वे किसी धर्म परिवर्तन के आंसू नहीं होते। वे अपने पुरखों की जड़ों से दोबारा जुड़ने के आंसू होते हैं। जब मैंने 165 आदिवासी परिवारों के पैर धोए, तो मैंने महसूस किया कि उनका धर्मांतरण कभी हृदय परिवर्तन से नहीं हुआ था उनका धर्मांतरण बीमारी, लाचारी और संसाधनों के अभाव का क्रूरतम शोषण था। एक पेड़ की हरी-भरी डाली को काटकर किसी दूसरे पेड़ पर चिपका देना धर्मांतरण है, लेकिन उस कटी हुई डाली को वापस उसकी मूल जड़ों से जोड़ देना घर वापसी है। यह विधेयक हमारी उसी मूल जड़ की रक्षा का महाकाव्य है।

### जिले में महतारी सदन की स्थापना व निर्माण के विषय में प्रश्न किया



भावना बोहरा ने विधेयक से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर कहा कि आज धर्मांतरण केवल गांव के चौपालों पर नहीं हो रहा है, यह बंद कमरों में, सोशल मीडिया पर, फर्जी वेबसाइट्स और डिजिटल माध्यमों के जरिए हमारे युवाओं का ब्रेनवॉश करके हो रहा है। धारा 2 (च) और धारा 3 में डिजिटल माध्यमों को अपराध की श्रेणी में लाना इस विधेयक की सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने विधेयक में धारा 14 का उल्लेख करते हुए कहा कि 1968 के कानून में घर वापसी को विधिक संरक्षण प्राप्त नहीं था। इस नए विधेयक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति अपने पैतृक धर्म या आस्था में वापस लौटता है, तो उसे धर्मांतरण नहीं माना जाएगा। यह हमारी सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी विधिक विजय है। धारा 16 में महिलाओं, नाबालिगों और विशेषकर अनुसूचित जनजाति के मामलों में 20 वर्ष तक की सजा और सामूहिक धर्मांतरण के मामले में 25 लाख जुर्माने के साथ आजीवन कारावास के प्रावधान को उन्होंने धर्मान्तरण कराने वालों पर कड़ा प्रहार बताया। उन्होंने अपने सुझाव साझा करते हुए कहा कि असम, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर जादू-टोना और अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून में शामिल कर चमत्कार के मध्यम से भ्रमित करने वालों को प्रलोभन की श्रेणी में शामिल करने की बात कही। इसके साथ ही चंगाई सभाओं, विदेशी फंडिंग को रोकना व संपत्ति कुर्क करने, पीड़ित की परिभाषा आदिवासी समाज के अनुरूप करने,घर वापसी को लाल फीताशाही से मुक्त रखने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने अंत में कहा कि आज यह विधेयक पारित करके हम केवल एक कानून नहीं बना रहे हैं। हम इस दंडकारण्य की पवित्र भूमि पर एक ऐसी लक्ष्मण रेखा खींच रहे हैं, जिसे लांघने का दुस्साहस अब कोई विदेशी मानसिकता नहीं कर सकेगी। यह उन ताकतों को एक स्पष्ट चेतावनी है कि भारत का वनवासी, भारत का आदिवासी अब लावारिस नहीं है। उसकी रक्षा के लिए, उसके स्वाभिमान के लिए रायपुर में विष्णु देव साय की सरकार और दिल्ली में नरेंद्र मोदी की सरकार अपना सीना तानकर खड़ी है। इसके साथी ही प्रश्नकाल के दौरान विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत बाजार चारभाठा एवं नगर पंचायत पांडातराई में नवीन औद्योगिक संस्थान की स्थापना करने, कबीरधाम जिले में मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, बिहान योजना अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों को ऋण प्राप्त करने और कबीरधाम जिले में महतारी सदन की स्थापना व निर्माण के विषय में भी प्रश्न किया।

# चैत्र-नवरात्रि पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल

## देवी-मंदिरों में जोत-जवारा ज्योति कलश प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व पर मां महामाया एवं मां शीतला मंदिर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष जोत-जवारा ज्योति कलश का आयोजन किया रहा है, समस्त ग्रामवासी के विशेष सहयोग से चैत्र नवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाते हैं, हिंदू धर्म में नवरात्रि प्रमुख त्यौहार में से एक माना जाता है देवी की उपासना के लिए नवरात्रि के दिन अत्यंत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। पूरे वर्ष में 4 बार नवरात्रि का त्यौहार आता है, जिसमें दो गुप्त नवरात्र, एक शारदीय और दूसरा चैत्र नवरात्रि होता है। इनमें से चैत्र और शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। शारदीय नवरात्रि दीपावली से पहले आश्विन माह में आता है और चैत्र मास में चैत्र नवरात्रि आती है। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक, चैत्र नवरात्रि मार्च-अप्रैल महीने में आती है। शारदीय हो या चैत्र दोनों ही नवरात्रि के पहले दिन भक्तगण जौ या ज्वारे बोते हैं। धार्मिक मान्यता है कि जौ बोने से घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता आती है। माना जाता है कि नवरात्रि में बोए गए जौ अकर अच्छ रूप से अंकुरित और विकसित होते हैं तो इसका मतलब है कि आपके घर में समृद्धि और खुशहाली बनी रहेगी। पौराणिक कथा के मुताबिक, जब धरती पर दैत्य-असुरों का अत्याचार बढ़ गया था तब मां दुर्गा ने उनका संहार कर मानव जाति के जीवन की रक्षा की। कहा जाता है कि देवी दुर्गा और दैत्यों के संघर्ष के दौरान पृथ्वीलोक पर भयंकर अकाल पैदा हो गया था, चारों तरफ सूखा ही सूखा था। मां अंबे के द्वारा दैत्यों के संहार के बाद जब धरती फिर से हरी-भरी हुई, तब सबसे पहले जौ उगे, इसलिए जौ को समृद्धि और उर्वरता का प्रतीक माना जाता है। चैत्र नवरात्रि का समापन राम नवमी के साथ होता है, जो भगवान राम के जन्म का उत्सव है। यह क्रम अत्यंत प्रतीकात्मक है।, दुर्गा रूपांतरण के लिए आवश्यक आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करती हैं, जबकि राम धर्म का प्रतिनिधित्व करते हैं-नैतिकता, उत्तरदायित्व और संयम द्वारा निर्देशित संतुलित जीवन। दुर्गा पूजा से राम के जन्म तक की प्रक्रिया इस बात पर बल देती है कि आध्यात्मिक शक्ति का मार्गदर्शन धर्म द्वारा ही होना चाहिए।

### विधायक के प्रयास से क्षेत्र की युवाओं का भविष्य उज्ज्वल की ओर राजेश्वरी धृतलहरे




**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के युवाओं का भविष्य सुनहरे जीवन के ओर अग्रसर हो रहा है, उक्त बाते सदस्य जिला पंचायत राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने कही श्रीमती धृतलहरे ने कहा विधायक भावना बोहरा क्षेत्र में विकास के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के भविष्य बना रहे है, श्रीमती बोहरा के द्वारा संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग पंडरिया में अध्यनरत युवाओं का भविष्य सुनहरे कल की ओर बढ़ रहे उनके कोचिंग से निकले चार युवाओं का सैन्य बल एवं पुलिस बल में चयन हुआ है। राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने कहा विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप संचालित हो और छात्राएं सुरक्षित एवं समय पर महाविद्यालय पहुंच कर उच्च शिक्षा अर्जित कर सके। इस वास्ते सेवा ही भावना है संस्था द्वारा पंडरिया में पांच निःशुल्क बसे संचालित कर रहे है। उन्होंने कहा कुण्डा क्षेत्र के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा अर्जित हो इसके लिए कुण्डा में नवीन महाविद्यालय भवन की स्वीकृति हो चुका है उनके ही प्रयास से कुण्डा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद का सामुदायिक केन्द्र में उन्नयन हेतु 4 करोड़ 96 लाख रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने कहा विधायक पंडरिया भावना बोहरा संवेदनशील विधायक है पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र में हुए हादसे में अनाथ हुए 22 परिवार के 24 बच्चों को गोद लेकर उनके पढ़ाई लिखाई एवं कपड़े से लेकर विवाह तक जिम्मा उठाया है उनके द्वारा विधानसभा पंडरिया के 7 मण्डलो में निःशुल्क एंबुलेंस संचालित है जिसमें सैकड़ों लोग लाभन्वित हो चुके है। राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने कहा विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया में संचालित लक्ष्य कोचिंग में अध्यनरत 4 युवाओं थानेश्वर जायसवाल का केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अंजु महिलांग, रूपेश कुमार बर्मन एवं उदेन प्रसाद का छत्तीसगढ़ पुलिस चयन हुआ है जो दर्शाता है कि भावना के प्रयास से युवाओं का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है। उन्होंने कहा पंडरिया विधानसभा के इतिहास में ऐसा पहली बार विधायक पंडरिया को मिला है जो विकास के साथ बुनियाद समस्याओं एवं शिक्षा स्वास्थ्य सिंचाई जैसे अन्य क्षेत्रों में भी आम जनता की चिंता को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे है।

# भोरमदेव महोत्सव में दुर्गेश्वरी की कत्थक नृत्य ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव महोत्सव-2026 में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का विशेष रूप से दिल जीत लिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भाव-भंगिमा, लय और ताल का सुंदर समन्वय मंच पर साफ दिखाई दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने पारंपरिक कत्थक शैली को बहुत ही आकर्षक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति में कला के प्रति समर्पण और वर्षों की मेहनत झलक रही थी। दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी जिले के ग्राम सैहामालगी निवासी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से कथक नृत्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की है। वे दूरदर्शन की बी ग्रेड कलाकार हैं तथा कथक नृत्य में उनके नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज है। उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक महोत्सवों में अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। भोरमदेव महोत्सव में उनकी प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

# पेयजल की समस्या अब होगी दूर प्राण खैरा में नलकूप के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



गर्मी का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में पेयजल की समस्या बढ़ने लगती है। इसी समस्या से निजात दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। दामापुर क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती सुशीला यदु ने पानी की कमी को देखते हुए अपने 15वें वित्त मद से दो स्थानों पर नलकूप (बोर) खनन कार्य की स्वीकृति हेतु अनुशंसा की है। स्वीकृति के तहत सोनू सप्रे के घर के पास एवं हरिचंद ध्रुवे के घर के पास दो स्थानों पर बोर खनन कार्य प्रारंभ किया गया है। इन नलकूपों के निर्माण से आसपास के ग्रामीणों एवं राहगीरों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं विधिवत भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति प्रतिनिधि अश्वनी यदु, ग्राम सरपंच कुलेश्वर चंद्राकर, पंचायत के वरिष्ठ रामकुमार खांडे, उत्तम, चेतन कश्यप, राधेलाल कश्यप, सोनू सप्रे, हरिचंद ध्रुवे, भगवान सिंह, भागवत कश्यप, टेकसिंह, दिलहरण यादव, देव मानिकपुरी, रोहित निर्मलकर सहित पंचायत के पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें। गांव के नागरिकों ने पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला सदस्य श्रीमती राजेश्वरी घृतलहरे, जनपद सदस्य, सरपंच एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### हाइवे पर सड़क किनारे रख दिए गिट्टी और रेत हादसा का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के हाईवे सड़क किनारे गिट्टी व रेत को रखा गया है, जिससे हादसा का खतरा बना रहता है। भारी वाहनों के गुजरने पर रेत के कण सड़क पर चलने वाले लोगों पर पड़ते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही अचानक आंख में रेत के कण घुसने से वह अनियंत्रित होकर गिर गये। अनेक वाहन चालक चोटिल हुए है।

### अवकाश के दिनों में भी होगी रजिस्ट्री

**राजनांदगांव।** मार्च माह में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद जमीन खरीदी-बिक्री की दरों में बढ़ोत्तरी होने के चलते माह अंत तक अधिक पंजीयन होता है, जिसे दृष्टिगत रखते मार्च माह के अंतिम दिनों में पड़ने वाले अवकाश पर भी पंजीयक कार्यालय खुला रहेगा। पंजीयन कार्यालय राजस्व संग्रहण करने वाला एक प्रमुख विभाग है। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह पूर्ण होने में लगभग 11 दिवस ही शेष है। आंकड़ों के अनुसार मार्च माह में पक्षकारों द्वारा सर्वाधिक पंजीयन कराया जाता है। पंजीयन विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खोलने और पंजीयन कार्य संपादित कराए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

न्यायालय :- कोनिका यादव,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
(धारा 82 दं. प्र. सं.)
परिवाद प्रकरण क्रमांक 713/2023
संस्थित दिनांक-07.06.2023
**अभियुक्त की उपस्थिति उदघोषणा**
मेरे समक्ष अभियोग पेश किया गया है कि आप: अभियुक्त आर.आर.बी. केपिटल ट्रेनिंग एण्ड कंसलटेंसी सर्विस द्वारा साझेदार राजेश चंद्राकर, पिता रामअवतार चंद्राकर, आयु 28 वर्ष, निवासी-मकान नंबर 149/1 पूर्वीपारा शिव मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 09 बधर्रा, तहसील पंडरिया, थाना-पंडरिया, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के विरूद्ध परिवाद प्रकरण क्रमांक 713/2023 धारा 138 लिखित परक्राम्य अधिनियम के अधीन दण्डनीय अपराध किया है, का परिवाद पेश किया है। अभियुक्त के विरूद्ध संबंधित परिवाद में बार-बार गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है, परंतु अभियुक्त नहीं मिल पा रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि आप लोग फरार हो गये व वारंट तामिली से बच रहे है।
इसलिये इसके द्वारा उदघोषणा, अपेक्षा की जाती है कि आप शीघ्र इस न्यायालय के समक्ष उक्त अभियोगों को उत्तर देने के लिये दिनांक 17.06.2026 को इस तिथि के पूर्व न्यायालय में उपस्थित हो।
स्थान-बिलासपुर
दिनांक-17.03.2026
(कोनिका यादव)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### ग्रामीणों ने की नए बोर खनन या पुराने बोर को सुधारने की मांग

# तालाब सूखने की कगार पर, बोर खनन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में स्थित दो बड़े तालाब, जो लगभग दस-दस एकड़ में फैले हुए हैं, आज सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। इन तालाबों का निर्माण वर्षो पहले बुजुर्गो के माध्यम से किया गया था और तब से यह पूरे गांव के लिए निस्तार का मुख्य साधन बने हुए हैं। गांव के सुख-दुख के हर काम में इन तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के मौसम में नहर के माध्यम से इन तालाबों को भरा जाता है, लेकिन इसके अलावा पानी का कोई स्थायी स्रोत नहीं है। वर्तमान में मार्च माह में ही तालाबों का जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे आने वाले गर्मी के महीनों में इनके पूरी तरह सूखने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामवासियों ने बताया कि पहले एक हैंडपंप बोर के माध्यम से मोटर लगाकर तालाब में पानी भरा जाता था, जिससे जलस्तर बना रहता था। लेकिन अब वह बोर भी बंद पड़ा है और उसकी कोई देखरेख नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि या तो नए बोर का खनन कराया जाए या पुराने बोर में मोटर लगाकर उसे पुनः चालू किया जाए, ताकि तालाबों में पानी बना रहे। उनका कहना है कि पंचायत को 16वें वित्त आयोग एवं मूलभूत मद के तहत मिलने वाले फंड का उपयोग गांव की ऐसी आवश्यक सुविधाओं के लिए किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो गर्मी के दिनों में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए जल्द से जल्द उचित कदम उठाने की आवश्यकता है।

### उमंग पटेल का नवोदय में चयन, परिजनों में उत्साह का माहौल

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के प्रतिष्ठित श्री सुंदरम पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र उमंग पटेल ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर स्कूल और सिल्हाटी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उमंग पटेल की इस बड़ी उपलब्धि के पीछे जहां छात्र का कड़ा परिश्रम है, वहीं स्कूल मैनेजमेंट की बेहतर सुविधाओं, प्राचार्य के कुशल नेतृत्व और समस्त टीचिंग स्टाफ के अधक मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा है। स्कूल प्रशासन ने परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र को हर संभव सहायता और सही दिशा प्रदान की।



## खबर संक्षेप



### केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा का किया गया निरीक्षण

**बोड़ला।** केन्द्रीकृत पांचवीं, आठवीं की बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण संकुल प्राचार्य सोहन यादव ने किया। इस दौरान उन्होने बताया कि आज कक्षा पांचवीं में अंग्रेजी विषय का पेपर था। आदिवासी बालक आश्रम में कुल पांच परीक्षार्थी हैं। परीक्षा में शतप्रतिशत उपस्थिति है। परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था की सुविधाएं है। ग्लूकोज, प्राथमिक उपचार किट की समुचित व्यवस्था है। निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य सोहन यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, केन्द्राध्यक्ष देवेन्द्र खरे, पर्यवेक्षक सोनू राम रावटे उपस्थित थे। परीक्षा शांति पूर्ण संचालित हो रही है।

### पीएमश्री सेजेस के छात्रो ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**स.लोहारा।** स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहसपुर लोहारा के छात्र-छात्राओं के लिए शासन की योजना पीएमश्री एक्सपोजर विजिट के तहत एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तक की ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उन्हें विज्ञान इतिहास और संस्कृति की विविधताओं से परिचित कराना था इस एकदिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के समूह ने रायपुर के साइंस सेंटर में विशेष गतिविधियों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं तारामंडल ऐतिहासिक स्मारकों का दौरा किया विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों के सीखने की जिज्ञासा तकनीकी प्रक्रिया एवं ऐतिहासिक महत्व को करीब से समझा। विद्यालय के प्राचार्य एफ आर पुनाचा ने कहा हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना है यह यात्रा न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाती है बल्कि उनमें टीमवर्क और आत्मविश्वास को भी विकसित करती है।

### बच्चों के अस्थायी संरक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में संचालित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में निवास कर रहे ऐसे बच्चों, जिन्हें देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता है, उन्हें अस्थायी रूप से परिवार का वातावरण देने के लिए फॉस्टर केयर (अस्थायी संरक्षण) हेतु इच्छुक भारतीय दंपत्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया अधिनियम की धारा 44 तथा फॉस्टर केयर मार्गदर्शिका 2016 के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। फॉस्टर केयर में बच्चे को रखने वाले परिवार की जिम्मेदारी होगी कि वह बच्चे को उचित भोजन, कपड़े, सुरक्षित आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, आवश्यक उपचार, तथा उसकी आयु और रुचि के अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराए।

# हिन्दू नववर्ष का किया गया जोरदार स्वागत, भव्य शोभायात्रा के साथ जगराता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिन्दू नववर्ष के मौके पर हिन्दू नववर्ष उत्सव समिति एवं नगरवासियों द्वारा गुरूवार को नगर के अलग- अलग वार्डो से भव्य शोभायात्रा निकाली गई और स्थानीय एकता चौक में भारत माता की सामूहिक महाआरती तथा माता का भव्य जगराता का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिवार ने इस बार शोभा यात्रा की भव्य झांकी के लिए विशेष पुरस्कार की भी घोषणा की है। जगराता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध देवी जस गीत एवं लोकगीत गायिका शिवानी जंघेल राजनांदगांव ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। आयोजन में सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन का देररात तक आनंद लिया। इससे पूर्व कवर्धा नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दु नववर्ष उत्सव समिति द्वारा हिन्दू नववर्ष के मौके पर गुरूवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। लेकिन इस बार शोभायात्रा नगर के सभी वार्डो से अलग-अलग निकाली गई। शोभायात्रा गाजे-बाजे, आतिशी धमाकों, नृत्यक टोलियों और धुमाल के साथ वार्डो निकलकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए एकता चौक पहुंची। जहां भारत माता की सामूहिक महाआरती की गई। धुमाल की धुन में की गई इस आरती में युवाओं को जोश देखते ही बन रहा था। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित युवा हाथों में केशरिया ध्वज लहराते हुए हिन्दू नववर्ष का आगाज कर रहे थे। महाआरती उपरांत मांता का जगराता प्रारंभ किया गया। यहां बताना लाजमी होगा कि हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में कवर्धा नगर को पूरी तरह केशरिश ध्वज पताखा से पाट दिया गया है। प्रमुख चौक-चौराहों में आकर्षक ढंग से सजाया गया। कुल मिलाकर हिन्दू नववर्ष उत्सव समिति के तत्वाधान में तमाम हिन्दू संगठनो ने धूमधाम से हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया।



**मौत:** हादसा या फिर युवती की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

# रानीदहरा जलप्रपात में युवती का शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बोड़ला विकासखंड स्थित प्रसिद्ध रानीदहरा जलप्रपात में गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। झरने के नीचे पानी में तैरते शव को देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए और तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, सुबह कुछ ग्रामीण रोजमर्रा के कार्य से जलप्रपात की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में तैरते हुए एक शव पर पड़ी। पहले तो वे घबरा गए, लेकिन बाद में उन्होंने साहस जुटाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया। प

लिस के अनुसार, मृतका की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पहचान के लिए आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है, साथ ही क्षेत्र में दर्ज गुमशुदगी के मामलों से भी मिलान किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवती की मौत दुर्घटना के कारण हुई है या इसके पीछे कोई साजिश है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल पुलिस हर संभावित पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है। घटनास्थल पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है ताकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा जा सके। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**रानीदहरा जलप्रपात पर्यटन स्थल होने के बावजूद असुरक्षित**



उल्लेखनीय है कि रानीदहरा जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के बावजूद सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील माना जाता है। विशेषकर वर्षाकाल में यहां पानी का तेज बहाव और फिसलन भरी चट्टानें हादसों का कारण बनती हैं। हर साल यहां कई लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे यह स्थान जीवलेवा के रूप में भी चर्चित हो चुका है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से यहां सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# नवरात्र के पहले दिन शक्तिपीठों में लगा भक्तों का तांता



- मंदिरों में प्रज्जवलित किए गए आस्था के ज्योतिकलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर सहित समूचे अंचल के शक्ति पीठों में चैत्र नवरात्रि का पर्व गुरूवार 19 मार्च से श्रद्धा भक्ति के साथ प्रारंभ हो गया है। चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में नगर के देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में पहुंचकर मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना की ओर अपनी आस्था का मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराया है।

पर्व के मौके पर कवर्धा नगर के मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां संतोषी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां सतबहिनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां काली मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां सिंहवाहिनी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। यहां भक्तों ने पहुंचकर मां जगत जननी की पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की और माता के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए। कुछ ऐसा ही माहौल नगर के शक्ति पीठों में शाम के समय भी देखने को मिला। लोगों ने सपरिवार देवी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका और मां जगत जननी से आशिर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र में कई श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भी यथा शक्ति मां आदि शक्ति की भक्ति की। पर्व के मौके पर मंदिर समितियों द्वारा शक्ति पीठों में रंग बिरंगी विद्युत झालरों से आकर्षक साज सज्जा की है। इसके अलावा कई देवी मंदिरों के सामने पूजन सामग्रियों की दुकाने सजाई गई है। कुल मिलाकर धर्म नगरी कवर्धा का जन मानस मां शक्ति की अराधना में डूब गया है।

# विहिप व बजरंग दल ने सुरक्षा के मद्देनजर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में लगातार सनातनियों के आस्था एवं धार्मिक स्थलों में हो रही तोड़फोड़, चोरी जैसी बारदातों को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने कबीरधाम जिलाधीश के नाम गुरूवार को एक ज्ञापन सौंपकर सनातनियों के सबसे बड़े महापर्व नवरात्रि व हिंदू नववर्ष को लेकर मंदिरों व आस्था के केन्द्रों की सुरक्षा प्रबंधन एवं इस बड़े महापर्व में जिला में समस्त मास मदिरा की दुकान को विशेष रूप से बंद करने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल ने ज्ञापन में यह भी कहा है कि सनातन संस्कृति के इस पर्व की अष्टमी पर कवर्धा नगर में खप्पर का आयोजन किया जाता है जिसकी सुरक्षा व्यापक रूप से की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला मंत्री विहिप मनोज सिंह ठाकुर, नगर अध्यक्ष विहिप दिलीप सोनी, मंत्री सोनू पाली, विधि जिला प्रमुख सागर साहू, जिला संयोजक जितेंद्र वर्मा, सह संयोजक हर्षित चौबे, नगर सुरक्षा प्रमुख रवि सिन्हा सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य पदाधिकारी

# गुरुकुल के विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के लिए सदैव ही तत्पर रहा है। विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के अनुसार उचित स्थान मिले इसके लिए सदैव चेष्टित रहा है।

मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉ. विजय कुमार शाही ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को सार्थक स्कूली शिक्षा प्रदान करने के लिए संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें गुरुकुल के पांच मेधावी विद्यार्थियों यथा कबीर साहू, किशोर चंद्रवंशी, वैभवी चंद्रवंशी ,काव्या जायसवाल तथा प्रतिष्ठा श्री रजक का चयन हुआ है।

अपने इन होनहार विद्यार्थियों के चयन से गुरुकुल परिवार ने हर्ष व्याप्त है। प्राचार्य मनोज कुमार राय ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में निश्चित ही विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का परिश्रम व समर्पण निहित है। शाला संचालन समिति के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

## हिंदू नववर्ष में निकाली गई भव्य शोभायात्रा...



**पाण्डातराई।** नगर में हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 का पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 9 :00 बजे गुप्ता धर्मशाला से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जिसने नगर के नयापारा, चारभाठा और पुतकी का भ्रमण किया। इसके पश्चात अष्टभुजी दुर्गा मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग से होकर मां महामाया मंदिर पहुंची। यहां मां भारती की आरती की गई। शोभायात्रा के दौरान मुख्य मार्ग पर भव्य आतिशबाजी भी की गई, जिसने माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया। शोभायात्रा में राम, सीता, लक्ष्मण, वीर हनुमान एवं माता काली की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। इस आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी रही। अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

**प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं विद्वानों ने दिया व्याख्यान**

# मुक्तिबोध महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा में ज्ञान-विज्ञान का संगम प्राचीन दृष्टि और आधुनिक नवाचार का मिलन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं विद्वानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपने शोध एवं विचारों का प्रभावी प्रस्तुतिकरण किया। संगोष्ठी के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। अपने उद्बोधन में उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान अत्यंत समृद्ध एवं वैज्ञानिक आधारों पर स्थापित है, जिसे आधुनिक तकनीक एवं नवाचारों के साथ समन्वित कर नए शोध आयाम विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने युवाओं एवं शोधार्थियों को इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करने हेतु प्रेरित किया। द्वितीय दिवस के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संचालक, उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग, डॉ. अनुपमा अस्थाना उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने विस्तृत उद्बोधन में प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आज के समय में सतत विकास एवं नवाचार के लिए पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस प्रकार की संगोष्ठियों को ज्ञान-विनिमय का सशक्त माध्यम बताते हुए इसके आयोजन की सराहना की। प्रमुख अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के अधिष्ठता डॉ. राजन यादव ने भी अपने संबोधन में प्राचीन एवं आधुनिक ज्ञान के समन्वय को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। प्रमुख अतिथि डॉ. जे. धनश्याम, प्राचार्य कुकदुर महाविद्यालय, ने अपने वक्तव्य में ज्ञान-संगम की अवधारणा को विस्तार से स्पष्ट किया तथा शोध के क्षेत्र में नवाचार एवं अंतःविषय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। वहीं कवर्धा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती ऋचा मिश्रा ने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती केएस परिहार ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों, विद्वानों एवं प्रतिभागियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने संगोष्ठी की भूमिका प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं आधुनिक नवाचारों के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना है।

# मधुमक्खी पालन पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से मधुमक्खी पालन पर सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 18 मार्च 2026 को किया गया। यह प्रशिक्षण 18 से 24 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्रामों पोलमी, बोड़ला, कुकदुर, भंगीटोला एवं लखनपुर से कुल 28 प्रशिक्षणार्थी को सात दिनों तक कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम डॉ. वीके त्रिपाठी, संचालक अनुसंधान सेवाएं एवं डॉ. एसएस टुटेजा, निदेशक विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशन तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य शिवकुमार धुर्वे एवं डॉ. बीपी त्रिपाठी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. बीपी त्रिपाठी ने प्रशिक्षण की रूपरेखा बताते हुए कहा कि मधुमक्खी पालन किसानों के लिए अतिरिक्त आय का एक सशक्त माध्यम है तथा कबीरधाम जिले में इसके विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। जनपद सदस्य शिवकुमार धुर्वे ने अपने उद्बोधन में किसानों को मधुमक्खी पालन अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसे स्वरोजगार का प्रभावी साधन बताया।

